भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3282**

**21 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए नियत**

**"एसीसी संबंधी राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार"**

**3282. श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार देश में राष्ट्रीय उन्नत रसायन विज्ञान प्रकोष्ठ (एसीसी) कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है;

(ख) यदि हां, तो केन्द्र सरकार द्वारा देश में एसीसी के अंतर्गत क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र, ओडिशा और देश के अन्य राज्यों में उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार के कितने अवसर उपलब्ध कराए गए हैं;

(घ) क्या उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मचारियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और अनुषंगिक लाभ प्रदान किए जा रहे हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क) से (ङ) : सरकार ने देश में उन्नत रसायन सेल (एसीसी) के निर्माण के लिए उत्पादन-सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम को 12 मई, 2021 को मंजूरी दी। स्कीम का कुल परिव्यय 5 वर्ष की अवधि के लिए 18,100 करोड़ रुपये है।

अनुमान है कि स्कीम अवधि के दौरान इस स्कीम से 2.70 लाख (प्रत्यक्ष: अप्रत्यक्ष :: 1: 4) रोजगार का सृजन होगा। लाभार्थी प्रतिष्ठान इस स्कीम के तहत शुरुआती दो वर्षों में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करेंगे। एसीसी सेल का उत्पादन इसके बाद शुरू होगा और अगले पांच वर्षों के लिए आर्थिक प्रोत्साहन का पात्र होगा। अतः, स्कीम अवधि के दौरान आगे चलकर रोजगार सृजित होगा।

****